वाणिज्य विभाग द्वारा "कैरियर अवेयरनेस प्रोग्राम" पर विस्तार व्याख्यान आयोजित

आज अग्रवाल महाविद्यालय में दिनांक 28- 03 -2025 को वाणिज्य विभाग द्वारा अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव श्री दिनेश कुमार गुप्ता व कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ संजीव कुमार गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में आईसीएसआई ,फरीदाबाद चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में करियर अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कंपनी सचिव जैसे प्रोफेशन में जाने की विधि अनिवार्य योग्यता, एग्जाम तिथियां, फीस, सैलरी इत्यादि विषयों पर जानकारी देना था । इसके अतिरिक्त कंपनी सचिव के कार्य और जिम्मेदारियां और किस कंपनी को इन्हें रखना अनिवार्य होता है , और भारत में कंपनी सचिव भर्ती करने वाली प्रमुख कंपनियां कौन-कौन सी हैं ,भी विद्यार्थियों को बताया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सीएस राजीव रावत रहे , जो 10 वर्षों से इस प्रोफेशन में है। उन्होंने विद्यार्थियों को विदेश में सीएस के लिए संभावनाएं भी बताई कि कैसे एक सीएस भारत में सीएस कोर्स के उपरांत यू.के. ,ऑस्ट्रेलिया ,सिंगापुर, कैनेडा आदि देशों में भी नौकरी प्राप्त कर सकता है। विद्यार्थियों के लिए पूरा सत्र जानकारी से भरा रहा। कॉलेज प्रबंधन समिति और प्राचार्य डॉ० संजीव कुमार गुप्ता के संरक्षण और दिशा निर्देशन में इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है ताकि विद्यार्थी स्नातक में या स्नातक कोर्स के पूरा होने के बाद अपने करियर का चुनाव सही दिशा निर्देश में कर सके। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभागाध्यक्षा डॉ० शोभना गोयल और विभाग के अन्य प्राध्यापको के द्वारा किया गया। लगभग 70 विद्यार्थी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।